मंगलवार 11 जून 2019

हिन्दुस्तान

ग्रेटर नोएडा वेस्ट तक मेट्रो जाने में देरी की संभावना

ग्रेटर नोएडा | संवाददाता

नोएडा और ग्रेटर नोएडा वेस्ट को मेट्रो से जोड़ने के काम में अभी और देरी हो सकती है। मेट्रो के इस रूट के सिविल कार्यों के लिए सहमति नहीं बन पाई है। एनएमआरसी पुरानी दर पर काम करने के लिए तैयार नहीं है। अब नए सिरे से टेंडर होगा। टेंडर प्रक्रिया पूरी होने में छह माह का समय लगेगा। अभी इसका प्रस्ताव शासन में है और कैबिनेट से मंजूरी के बाद टेंडर निकाला जाएगा।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने नोएडा सेक्टर-71 से वेस्ट के बीच मेट्रो चलाने का फैसला लिया था। 30 दिसंबर 2020 तक मेट्रो शुरू करने की तैयारी है। यह तय हुआ था कि जिस रेट पर नोएडा से ग्रेटर नोएडा मेट्रो का निर्माण हुआ है, उस रेट में करीब 10 फीसदी की वृद्धि करके इसे बना दिया जाए। इससे टेंडर नहीं करने पड़ेंगे और समय बच जाएगा। इस मसले पर नोएडा व ग्रेनो प्राधिकरण और एनएमआरसी के बीच बातचीत हुई। इसमें निर्माण की दर पर सहमति नहीं बन सकी। नोएडा के सेक्टर-71 से ग्रेटर नोएडा वेस्ट के नॉलेज पार्क 5 तक मेट्रो की फिजिबिलिटी रिपोर्ट व डीपीआर पहले ही डीएमआरसी बना चुकी है।

अड़चन

- एनएमआरसी पुरानी दरों पर काम करने के लिए तैयार नहीं
- दिसंबर 2020 तक मेट्रो लानी थी, नए टेंडर करने में लगेंगे छह माह